अनुक्रमांक .......................................     समय : 2.00 घण्टा

नाम ...............................................     पूर्णांक : 50

# प्रश्न-पुस्तिका
# चतुर्थ सेमेस्टर – 2018
## (आरम्भिक स्तर पर भाषा एवं गणित के पठन लेखन-क्षमता का विकास)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** वर्णों के सार्थक समूह को कहते है- **(1)**

(A) शब्द  (B) वाक्य

(C) वर्ग  (D) इनमें से कोई नही

**2.** अ, इ, उ, ऋ स्वर का प्रकार है - **(1)**

(A) दीर्घ स्वर  (B) प्लुत स्वर

(C) ह्रस्व स्वर  (D) इनमें से कोई नही।

**3.** इस विराम चिह्न (!) को कहते है - **(1)**

(A) प्रश्नवाचक  (B) अल्प विराम

(C) पूर्ण विराम  (D) विस्मय सूचक

**4.** अतिवृष्टि का विलोम शब्द है - **(1)**

(A) कुदृष्टि  (B) अनावृष्टि

(C) अपकर्ष  (D) इनमें से कोई नहीं

**5.** य, र, ल, व व्यंजन है- **(1)**

(A) संयुक्त व्यंजन  (B) ऊष्म व्यंजन

(C) अन्तःस्थ व्यंजन  (D) स्पर्श व्यंजन

**6.** किसी भी संख्या के कितने मान होते हैं ? **(1)**

(A) चार  (B) एक

(C) दस  (D) दो

**7.** गणित की मूल संक्रियाएँ है- **(1)**

(A) गुणा-भाग  (B) जोड़-घटाना

(C) जोड़-घटाना-गुणा-भाग  (D) केवल जोड़

**8.** संख्या 8530 में सैकड़ा वाली संख्या बताइए- **(1)**

(A) 8  (B) 5

(C) 3  (D) 0

**9.** दो अंको की सबसे बड़ी संख्या है - **(1)**

(A) 10  (B) 88

(C) 100  (D) 99

**10.** पठन कितने प्रकार का होता है ? **(1)**

(A) चार  (B) दो

(C) पाँच  (D) तीन

**11.** भ वर्ण किस वर्ग में आता है ? **(1)**

(A) ट वर्ग
(B) च वर्ग
(C) प वर्ग
(D) त वर्ग

**12.** निम्न संख्याओं में अवरोही क्रम है - **(1)**

(A) 20, 15, 10, 5, 2
(B) 20, 22, 24, 28, 30
(C) 20, 16, 32, 62, 72
(D) इनमें से कोई नहीं

**13.** किसी संख्या में शून्य (0) से गुणा करने पर प्राप्त गुणनफल होगा- **(1)**

(A) दुगना
(B) चौगुना
(C) यथावत
(D) शून्य

**14.** सम्मान शब्द उदाहरण है- **(1)**

(A) संयुक्त व्यंजन
(B) द्वित्व व्यंजन
(C) अनुनासिक व्यंजन
(D) उपर्युक्त सभी

**15.** तुरंग शब्द पर्यायवाची है - **(1)**

(A) शेर
(B) ईश्वर
(C) घोड़ा
(D) मनुष्य

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**16.** पठन कौशल से क्या अभिप्राय है ? **(1)**

**17.** अनुनासिक वर्ण किसे कहते है ? **(1)**

**18.** स्वर किसे कहते है? **(1)**

**19.** सम संख्या से आप क्या समझते है ? **(1)**

**20.** घ का उच्चारण स्थान क्या है? **(1)**

**21.** ऊष्म व्यंजन से क्या तात्पर्य है ? **(1)**

**22.** उत्पत्ति की दृष्टि से शब्द के प्रकार बताइए। **(1)**

**23.** यौगिक शब्द से क्या तात्पर्य है ? **(1)**

**24.** विस्मय बोधक वाक्य किसे कहते है ? **(1)**

**25.** वर्ण किसे कहते है ? इसके प्रकार बताइए। **(1)**

**26.** गणेश शब्द के तीन पर्यायवाची लिखिए। **(1)**

**27.** कनिष्ठ, वरदान, उत्कर्ष के विलोम लिखिए। **(1)**

**28.** प्राकृत संख्या किसे कहते है ? **(1)**

**29.** राम ने 16 पेन खरीदे, श्याम ने 12 पेन खरीदे तथा मोहन ने राम से 10 पेन अधिक खरीदे तो बताइए कि मोहन ने कितने पेन खरीदे ? **(1)**

**30.** संख्या 4547 में 5 का स्थानीय मान एवं अंकित मान बताइए । **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**31.** सस्वर पाठन से क्या तात्पर्य है ? इसका महत्व बताइए। **(2)**

**32.** हिन्दी वर्णमाला में संयुक्त व्यंजन कितने है ? उदाहरण सहित समझाइए । **(2)**

**33.** श्रुतलेख की उपयोगिता बताइए । **(2)**

**34.** पूर्ण विराम से क्या तात्पर्य है ? सोदाहरण बताइए। **(2)**

**35.** स्थानीय मान एवं अंकित मान से क्या तात्पर्य है उदाहरण सहित समझाइए । **(2)**

**36.** वाक्य किसे कहते है ? इसकी प्रमुख विशेषताएँ बताइए। **(2)**

**37.** अवरोही क्रम को सोदाहरण लिखिए । **(2)**

**38.** भाषा का शिक्षण करते समय शिक्षक को किन बातो को ध्यान रखना चाहिए ? **(2)**

**39.** शुद्ध पठन हेतु किन बातो का ध्यान रखना चाहिए ? **(2)**

**40.** लेखन में अशुद्धियों के कारण बताइए | इसे कैसे दूर किया जा सकता है ? **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-4/bhasha-evam-ganit-ke-pathan-lekhan-ka-vikas/2018

2. आरम्भिक स्तर पर भाषा एवं गणित के पठन लेखन-क्षमता का विकास का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-4/bhasha-evam-ganit-ke-pathan-lekhan-ka-vikas/

3. आरम्भिक स्तर पर भाषा एवं गणित के पठन लेखन-क्षमता का विकास के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-4/bhasha-evam-ganit-ke-pathan-lekhan-ka-vikas/

---

**हमसे जुड़ें**

Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN